नई दिल्ली, बुधवार
20 फरवरी 2019
नोएडा
मूल्य ₹ 4.00
पृष्ठ 22+6=28

दैनिक जागरण

www.jagran.com
दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित

अमर सिंह दान करेंगे 12 करोड़ की संपत्ति 2
मेक इन इंडिया का मजाक उड़ाने वालों को जवाब देगी जनता : मोदी 2

शहीद जवानों के परिवार की मदद करने को बढ़े हाथ

जासं, ग्रेटर नोएडा : शहीदों के सम्मान के साथ लोग उनके परिवार की मदद को आगे आने लगे है। ग्रेटर नोएडा वेस्ट की गौर समूह के करीब छह सौ कर्मचारियों ने एक दिन का वेतन शहीदों के परिवार के नाम करने का फैसला किया है। इसके साथ ही गौर ग्रुप ने ग्रेटर नोएडा स्थित सीबीएसई एफिलेटेड गौर इंटरनेशनल स्कूल में शहीद जवानों के बच्चों को 12 वी कक्षा तक पढ़ाई की भी जिम्मेदारी उठाई है। मंगलवार को गौर इंटरनेशनल स्कूल में शिक्षक व छात्रों ने मिलकर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके साथ ही गौर समूह ने बिल्डरों की संस्था क्रेडाई के साथ मिलकर उत्तर प्रदेश के शहीद जवानों के परिवारों को दो बेडरूम वाले घर देने की घोषणा की है। गौर समूह के एमडी व क्रेडाई के उपाध्यक्ष ने कहा कि पुलवामा में हुई घटना से मिले जख्मों को कोई भर नहीं सकता, लेकिन शहीद के परिवार की मदद करके उनके हरे घावों पर मरहम लगाने का काम जरूर किया जा सकता है।

ग्रेनो वेस्ट के गौर सिटी स्कूल में शहीद जवानों को श्रद्धांजलि देते बच्चे • जागरण